इकतारा बोले
डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

दुनियां बोलते रहने वालों की

वार्तालाप, बातचीत, संवाद से परे आजकल सभी एक तरफा वक्ता बनते जा रहे हैं बिल्कुल एफ एम रेडियो की तरह। वार्तालाप, बातचीत, संवाद में आप बोलेंगे तो सामने वाला अपनी प्रतिक्रिया स्वरूप कुछ बोलेगा, कुछ पूछेगा, कुछ स्पष्टीकरण चाहेगा, लेकिन केवल वक्तव्य देने या वक्ता बने रहने से प्रतिक्रिया, प्रश्न, स्पष्टीकरण से बचा जा सकता है। खुद को तनाव से, मानसिक दबाव से यानी स्ट्रैस से बचाया



जा सकता है, क्योंकि सामने वाला क्या कुछ पूछ सकता है और उसका उत्तर आपके पास शायद न हो। होगा भी कैसे? अधजल गगरी हैं तो छलकेंगी ही। वे गाली-गलौज भी चाशनी में डुबोकर देते हैं वैसे ही जैसे शहद में डूबा कर जूता मारा जाता है। यह फेंकू किस्म के नेता सामने वाले को तो बस शिकारपुर का मानकर अपनी बकवास से सामने वाले को चित करने की नाकाम कोशिश करते रहते हैं। आजकल जैसे बोलने की हर आदमी में होड़ लगी हुई है। मोबाइल कंपनियां आपको अपने फोन पर ज्यादा से ज्यादा बोलते रहने के लिए उकसाती रहती हैं, ताकि आपके 'बोलों' से उनका 'धंधा' चलता रहे। कहते हैं योगी, गुरु, संत, महात्मा बड़े ही मितभाषी यानी बहुत कम बोलने वाले और मौनी किस्म के ज्यादा होते हैं। तभी उनकी बातों का, उनके व्याख्यान का, उनके संदेशों का अनुकरण किया जाता है। 'शोले' फिल्म की बहुत प्यारी और ढेर सारी बातें करने वाली बसंती जैसे तो आजकल हर कोई होता जा रहा है। अगर कहा जाए तो उससे भी आगे बढ़ता जा रहा है। विशेषकर राजनीतिज्ञ, उनमें भी सत्ता में आसीन,उनके द्वारा समर्थित और उनके समर्थक सारे तोतों की तरह बोलते जा रहे हैं, वह भी बार बार लगातार। चुनावी भाषण हो, बच्चों के साथ बातचीत हो, अपने साथियों को आदेश देना हो, उन्हें अच्छा लगता है, क्योंकि वहां केवल वही वक्ता हैं। बाकी सब श्रोता अनुयाई या भक्त हैं। 'हम हाले दिल सुनाएंगे सुनिए कि न सुनिए' की तर्ज पर हमेशा बोलते रहते हैं। इस बीच वे बड़ी विलिष्ट परिस्थिति में पहुँच गए थे तो बस अपनी आंखें पोंछ लिए। फिर क्या था जनता ने घड़ियाली रुदन देखा और सहानुभूति जगा लिया अपने मन में। उनका बोलना तो बोलना है उनके साथी, संगी, चमचे सारे अपने बोलती बंद नहीं कर पा रहे हैं। कहने का अर्थ यह है कि सभी को अपनी आवाज में अर्धज्ञान का आब्शान और शेखी बघारना अच्छा लगता है। उन्हें लगता है कि दुनिया में वही बुद्धिशाली हैं, ज्ञानी हैं और विद्वान हैं और तो और सर्व ज्ञान संपन्न विद्वान हैं। जब आख्यानों और व्याख्यानों पर छींटाकशी होने लगी, लोग विपरीतार्थ निकाल कर उन्हें अज्ञानी सिद्ध कर देते हैं, तो यह कहते हैं कि 'कहने को बहुत कुछ था अगर कहने पर आते, दुनिया की इनायत है कि हम कुछ नहीं कहते।' इन सब के बावजूद उनके हर अल्पज्ञान की वक्तागिरी भी कम आकर्षणीय नहीं। इतना बचाव करते हैं जितना खूनी मुवक्किल को बचाने बचाव पक्ष का वकील भी नहीं करता होगा। भक्तों को उनके हर शब्द में एक अलग ही दुनिया, अलग ही अर्थ नजर आता है। अर्थ यह कि वे भी चुप नहीं रहते। ऐसे में ध्वनि प्रदूषण भी तो तेजी से बढ़ेगा ही। जिस तरह खरबूजा खरबूजे को देखकर रंग पकड़ता है उसी तरह सभी वक्ता बने जा रहे हैं। विषय हो या न हो कोई बात नहीं, पर लगातार बोलना जरूरी है। श्रोताओं की कमी और वक्ताओं की अधिकता हुई जा रही है। मैंने अपने मित्र डॉक्टर से पूछा - 'यह बोलने की बीमारी क्यों बढ़ती जा रही है? पहले तो ऐसा नहीं था। अब लगता है सभी बोलने के लिए ऐसे आतुर हैं, जैसे कल से उनकी बोलती बंद हो जाएगी या उनकी स्वर पेटिका काम करना बंद कर देगी।' डॉक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा - 'कोरोना ने सभी को ज्ञानी और महान आख्यान देने वाले वक्ता के रूप में परिवर्तित कर दिया है। खाली दिमाग बोलों का कारखाना हो गया है। घर बैठे कभी व्हाट्सएप पर, कभी फिर किसी से बात करते हुए, तो किसी निरीह प्राणी पर अपनी वाचालता और वाकप्रवाह की बाढ़ ला देते हैं। जिनके घर में गृहिणी है तो संयमित रहेंगे, नहीं है तो बस। 'कोई उपाय है इस वाचालता का डॉक्टर? ' 'क्यों नहीं, सरकार खाने के तेल, पेट्रोल, डीजल की कीमतें अंधाधुंध बढ़ा रही है और अन्य चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं इसके बावजूद जीडीपी पचहत्तर वर्ष में अल्प अंक पर आ गया है। इसलिए चाहिए कि बोलने पर, चाहे वह कोई भी हो, 'वाक कर' का प्रावधान करे और सख्ती से उसका पालन करे तो दो फायदे होंगे - एक तो लोगों के कान बचेंगे और सरकार की भी आमदनी बढ़ेगी। '

डॉ टी महादेव राव विशाखापटनम

जमीन के सेड़े (मेढ)में पत्थर रखने की बात पर हुए विवाद की रंजिश में की थी महिला की हत्या

पुलिस ने 24 घंटे में अंधे कत्ल का किया खुलासा

टांडा(धार)- टांडा पुलिस ने 24 घंटे में अंधे कत्ल का खुलाशा करने में सफलता मिली है। थाना टांडा से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 23.11.2026 को फरियादिया संगीता पिता स्व. सुरला राठौर, निवासी ग्राम हसलवड़, थाना टांडा ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मां मडीबाई पति स्व. सुरला राठौर दिनांक 22.11.2026 को सुबह करीब 11:00 बजे अपने काका अमरिया राठौर के घर छाछ लेने जाने का कहकर गई थीं। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर संगीता ने अमरिया से फोन पर जानकारी ली।



अमरिया ने बताया कि मडीबाई दिनांक 22.11.2026 को शाम करीब 06:00 बजे पाटबावड़ी से दही एवं मूंगफली लेकर निकली थीं। इसके बाद आसपास तलाश करने पर दिनांक 23.11.2026 को सुबह करीब 08:00 बजे नवलसिंह के कपास के खेत में मडीबाई का शव मिला। सूचना पर थाना टांडा पुलिस द्वारा तत्काल मर्ग कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मृतिका के मुंह एवं नाक में सूजन के साथ आंतरिक चोट दिखाई दी तथा शरीर पर अन्य कोई चोट नहीं पाई गई। मृतिका के मुंह एवं आंखों से कपास में डालने वाली दवा की गंध आ रही थी। मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच में हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से मृतिका के शव पर दवा डालने की बात सामने आने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार विजय डावर एवं एसडीओपी ओ.पी. अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी टांडा निरीक्षक बलदेवसिंह मुजाल्दा द्वारा पांच सदस्यीय टीम गठित कर बारीकी से विवेचना की गई। विवेचना के दौरान संदेही जालम भूरिया पिता सुरसिंह भूरिया, निवासी ग्राम धोगधग्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने जमीन के सेड़े में पत्थर रखने की बात को लेकर मृतिका से विवाद एवं रंजिश होना बताया। इसी रंजिश के चलते दिनांक 22.11.2026 की शाम करीब 08:00 बजे नवलसिंह के कपास के खेत में गमछे से मडीबाई का मुंह एवं नाक दबाकर हत्या करना तथा घटना छुपाने के उद्देश्य से मृत्यु के बाद उनके मुंह में कपास में डालने वाली दवा डालना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।सरहनीय भूमिका - उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी टांडा निरीक्षक बलदेवसिंह मुजाल्दा, सउनि योगेन्द्रसिंह मावी, रामदास सोलंकी, प्र.आर. माधवसिंह, मिठ्ठुसिंह, आरक्षक निलेश एवं आरक्षक सुनील पवार का सराहनीय योगदान रहा।



वृद्धजन उभरे कैनवास पर - भजनों ने मोहा मन

धार। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग व जिला प्रशासन धार द्वारा स्थानीय श्रद्धालय वृद्धाश्रम में समग्र कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजन में नन्हें बाल कलाकार राघव राज ने वायलिन पर जैसे ही तबले की ताल पर जुगलबंदी प्रस्तुत की वृद्धजन और युवा झूमने लगे। संगीत महाविद्यालय के कलाकार छात्रों द्वारा डॉ देशराज वशिष्ट के संगत में 10 से अधिक कलाकारों की एकल सामूहिक प्रस्तुति से भजनों का क्रम जैसे ही चला वैसे वैसे समवेत स्वर से पूरा वातावरण आस्था व श्रद्धा से परिपूर्ण होने लगा। सभी भजन गुनगुनाने लगे। स्वर सहज ही मुखरित होने लगे व कलाकारों के साथ युवा बच्चों, वृद्धजन व सेवादारों ने भी भजन प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। चित्रकला महाविद्यालय के छात्रों ने नवनीत लोकरे व दुर्गेश बिरथरे के मार्गदर्शन में 25 से अधिक बच्चों ने वृद्धजनों से संवाद किया तथा चयनित वृद्धों को कैनवास पर उतारा।

सात साल से फरार आरोपी फारुख अंडड़ से गिरफ्तार, कपास टूक में आग लगाकर फर्जी बीमा क्लेम की रची थी साजिश

मनावर से बसन्त जखी,(इंदौर समाचार) मनावर पुलिस को सात साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस चौकी बाकानेर की टीम ने फर्जी बीमा क्लेम के लिए कपास से भरे ट्रक में आग लगाने की साजिश के मामले में फरार आरोपी फारुख पिता कय्यूम मंसूरी (38 वर्ष) को अंडड़, जिला बड़वानी से गिरफ्तार किया है।



पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर के निर्देशन तथा एसडीओपी राम सिंह राठौर के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर अंडड़ में दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। **क्या था पूरा मामला?**–पुलिस के अनुसार थाना मनावर में अपराध क्रमांक 729/2019, धारा 407, 420, 435 एवं 120(बी) भादवि के तहत दर्ज मामले में आरोपी फारुख ने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2019 में कपास से भरे ट्रक में खुद आग लगाकर फर्जी बीमा क्लेम हासिल करने की साजिश रची थी। मामले में अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे, जबकि फारुख घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। आखिरकार सात साल बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी फारुख पिता कय्यूम मंसूरी, उम्र 38 वर्ष, निवासी मारू मोहल्ला, आजाद पथ, अंडड़, जिला बड़वानी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। **इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**–इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव, चौकी प्रभारी बाकानेर उपनिरीक्षक मनोज पाटीदार, आरक्षक मोहन सिसोदिया एवं आरक्षक राकेश कन्नौजे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

साध्वी श्री मधुबाला जी ने बखतगढ़ में धर्मसभा में कहा

कर्मों को क्षय करने के लिए मनुष्य भव मिलना आवश्यक है

बदनावर(इंदौर समाचार)बखतगढ़। कर्मों को क्षय करने के लिए मनुष्य भव मिलना आवश्यक है। क्योंकि मनुष्य भव में ही समता भाव के साथ कर्म क्षय किए जा सकते है। यदि जीव ने मनुष्य भव की खेती को सुधार लिया तो अगला भव भी सुधर जाएगा। शरीर है तब तक कर्म लगे रहेंगे। शाश्वत सुख मिलने के बाद जीव अशरीरी हो जाता है। जीव को समता रखने की आवश्यकता है, यदि साधु बनने के बाद भी समता नहीं है तो वहां भी दुखी ही है। समता को यदि दुर्बल व्यक्ति भी धारण कर लेता है तो वह उसके लिए बहुत लाभकारी है। उक्त प्रेरणादायी विचार आचार्य प्रवर श्री जयेशमुनिजी के सुशिष्य धर्मदास गणनायक प्रवर्तकश्री जिनेंद्रमुनिजी की आज्ञानुवर्तिनी साध्वीश्री मधुबाला जी ने 'सेवो सिद्ध सदा जयकार' साहित्य चाचन के दौरान गुरुवार को बखतगढ़ के श्री वर्धमान स्थानक भवन में धर्मसभा में व्यक्त किए।

कषायों को मंद करने का प्रयास करें–साध्वीजी ने कहा कि शांति चाहिए तो कषायों को मंद करने का प्रयास करें। मोक्ष का सुख संसार में नहीं मिल सकता, लेकिन मन शांत है, इच्छाओं पर नियंत्रण है तो थोड़ा बहुत सुख महसूस कर सकते हैं।

क्षमा अंतरआत्मा में समाहित होना चाहिए–क्षमा को परिभाषित करते हुए साध्वीश्री ने कहा कि क्षमा मात्र शोभा बढ़ाने के लिए नहीं अपितु वह अंतरआत्मा में समाहित होना चाहिए। अरिहंत भगवान रूपी परमात्मा है और सिद्ध भगवंत अरूपी परमात्मा है। जहां शांति, प्रेम, स्नेह, सामंजस्यता, बड़ों का सम्मान होता है वहां लक्ष्मी का वास होता है। भौतिक सुख केवल संसार में परिभ्रमण करवाने वाला है। यदि त्याग की भावना होती है तो धन के अभाव में भी जीव सुख की अनुभति कर सकता है। जहां समूह रूप में परिवार रहता है, छोटे बड़ों के प्रति विनय भाव रखते है और बड़े छोटे के प्रति वात्सल्य भाव रखते है वहां शांति रहती है।

साध्वी वृंद का बखतगढ़ में हुआ मंगल प्रवेश–सौम्यमूर्ति साध्वीश्री मधुबाला जी, श्री सुनीता जी, श्री मलया श्रीजी, श्री कला श्रीजी, श्री श्रद्धा जी, श्री समता जी ठाणा - 6 ने बदनावर में वर्षावास पूर्ण कर बुधवार 25 नवंबर को बदनावर से विहार कर बखतगढ़ के श्री वर्धमान स्थानक भवन में मंगल प्रवेश किया। बदनावर श्रीसंघ के बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं व बच्चों ने पैदल विहार सेवा का पूरा पूरा लाभ लिया। मांगलिया में चौधरी फार्म हाऊस पर रमेशचंद्र, महावीर, सौरभ लुक्कड़ चौधरी परिवार (दोविया वाले) ने विहार में आए सभी महानुभावों को नवकारसी करवाने का लाभ लिया। बखतगढ़ के श्रावक-श्राविकाओं ने बदनावर रोड़ पर पहुंचकर चारित्र आत्माओं की अगवानी की।

धर्म आराधना करने की विशेष प्रेरणा दी–बखतगढ़ के श्री वर्धमान स्थानक भवन में श्रीसंघ के श्रावक-श्राविकाओं ने संयमी आत्माओं को सामूहिक वंदना कर विहार की सुखसाता पूछी। साध्वी श्री मधुबाला जी ने मांगलिक श्रवण करवाकर नियमित धर्म, ध्यान आदि आराधना करने की विशेष प्रेरणा दी। श्रीसंघ ने आह्वान किया कि दर्शन, वंदन, मांगलिक, व्याख्यान, ज्ञान चर्चा आदि के साथ सुनहरे अवसर का लाभ लेवे। नियमित आराधना के अंतर्गत अनुज्ञा प्रातः 7 बजे, व्याख्यान प्रातः 9 बजे, वाचनी दोपहर 2 बजे, प्रतिक्रमण शाम 05 : 45 बजे होगा।

बाग के दोनों छोर के गड्ढो वाली सड़क अब सीमेंट कांक्रीट रोड़ में होगी तब्दील, आवागमन मिलेगी राहत

बाग, निप्रा। बाग नगरवासियों के लिए सड़क निर्माण से संबंधित एक राहतभरी खबर है। गत कई वर्षों से नगर के दोनो प्रवेश मार्ग यानि टांडा से बाग की ओर व कुक्षी से बाग की ओर अकसर क्षतिग्रस्त रहने वाली डमरीकृत सड़क अब सीमेंट कांक्रीट मार्ग में परिवर्तित होगी। टांडा से बाग की ओर प्रवेश करते समय तहसील कार्यालय के बाहर की सड़क अकसर गड्ढेनुमा रहती है। जिससे दो पहिया वाहन चालकों को अत्यधिक परेशानी झेलना पड़ती है। पहले भी कई बार उक्त सड़क का पैचवर्क किया पर डामर दोबारा उखड़ जाता था। जिससे वाहन चालकों व पैदल यात्रियों को बहुत समस्या होती है। वर्षा ऋतु में इस सड़क की स्थिति बद से बदतर हो जाती थी। अब यहां सीसी रोड़ निर्माण हेतु



काम लेने के बाद निर्माण नहीं करने वाले ठेकेदारों का ठेका होगा निरस्त

राशि स्वीकृत हो गई है। तहसील कार्यालय से मोहन सिंह मुझाल्दा के निवास तक का मार्ग सीमेंट कांक्रीट से बनेगा। इसी तरह मां बाघेश्वरी देवीजी मंदिर के बाहर घुमावदार मोड़ से इडू पटेल के निवास तक का हिस्सा भी सीमेंटीकृत होगा। यहां भी ऐसी ही परेशानी थी। गड्ढेनुमा सड़क होने से आए दिन दो पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होते है। प्रदेश सड़क विकास निगम के अभियंता प्रदीप चौहान ने बताया कि इन दो हिस्सों का सीसी रोड़ निर्माण होगा। वर्तमान में ठेकेदार को काम दिया था। लेकिन उसके काम न करने पर अब अन्य ठेकेदार को काम दिया जाएगा।' दरअसल बिटुमिन, डीजल और निर्माण सामग्री की कीमतों में तेजी आने से ठेकेदारों ने काम छोड़ दिया है। लेकिन विभाग का कहना है जिस ठेकेदार ने इस मार्ग का काम लिया और नही करेगा तो इनका ठेका निरस्त होगा और कार्रवाई होगी।

अखबारो में प्रमुखता से उठा था यह मुद्दा–टांडा बायपास और कुक्षी मार्ग देवी जी मंदिर के पिछे बीच सड़क पर हो रहे बड़े बड़े गड्ढों से वाहन वाले सहित राहगीर भी परेशान थे और आने जाने में बड़ी परेशानी का सामना भी करना पड़ता था कहीं बार इन गड्ढों के कारण दुर्घटना भी हुई है वह तो गनिमत रहा की कोई बड़ी घटना नहीं घटी वर्ना तो खतरे से खाली नहीं थी इन गड्ढों की स्थिती इसी को लेकर नगर के पत्रकारों ने अपने अखबारों में प्रमुखता से मुद्दा उठाकर जिम्मेदारो का आगाह किया था खबरों के बाद सिस्टम के जिम्मेदार जागे और इन मुश्किल भरे सफर से छुटकारा दिलाते हुए दोनों ही छोर पर डामरीकरण के जगह सीमेंट कांक्रीट रोड़ निर्माण करवाने की बात कही जो जल्दी ही निर्माण प्रारंभ किया जाएगा ।

भाजपा किसान मोर्चा के 14 मंडल अध्यक्ष घोषित

बदनावर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला धार ने जिले के 14 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की भाजपा किसान मोर्चा के 14 मंडल अध्यक्ष घोषित, बदनावर के छह मंडलों में नई नियुक्तियां,

बदनावर।) इंदौर समाचार)भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला धार ने जिले के 14 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की है। इसमें बदनावर विधानसभा क्षेत्र के छह मंडलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। सूची जारी होने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया है। यह नियुक्ति जिलाध्यक्ष रवीन्द्र पाटीदार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इंदौर संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत तथा धार जिला प्रभारी सुभाष कोठारी के मार्गदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती की सहमति से की। जारी नियुक्ति सूची के अनुसार बदनावर नगर मंडल में बाबूलाल सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के राजगढ़ नगर



पाटीदार (खेड़ा), बदनावर ग्रामीण में मंडल में नरसिंह सिदड़ा (धुलेट), ईश्वरसिंह जाधव (धमाना), बखतगढ़ सरदारपुर मंडल में जीवन चौधरी मंडल में रामेश्वर पाटीदार बखतगढ़ (हातोद), राजोद-लाबरिया मंडल में (मंडी), बिडवाल मंडल में भगवानसिंह सुखदेव मालू मिस्त्री (लाबरिया) तथा चावड़ा (सेमलिया), कानवन मंडल में अमझेरा-दसई मंडल में चरणसिंह तंवर सुभाष पाटीदार (मुंडला) तथा सादलपुर (बादेड़ी) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं मंडल में सुरेंद्र जाट (माचकदा) को धार विधानसभा क्षेत्र के तिरला मंडल में अध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार दिनेश व्यास (खरसौड़ा), पीथमपुर मंडल में सुखदेव यादव (मराठा), दिग्दान मंडल

बदनावर के छह मंडलों में नई नियुक्तियां

में भारत जाट (नाइबरोदा) तथा धार ग्रामीण मंडल में राम पटेल (जामन्दा) को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।है। इसमें बदनावर विधानसभा क्षेत्र के छह मंडलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। सूची जारी होने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया है। यह नियुक्ति जिलाध्यक्ष रवीन्द्र पाटीदार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इंदौर संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत तथा धार जिला प्रभारी सुभाष कोठारी के मार्गदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती की सहमति से की। जारी नियुक्ति सूची के अनुसार बदनावर नगर मंडल में बाबूलाल पाटीदार (खेड़ा), बदनावर ग्रामीण में ईश्वरसिंह जाधव (धमाना), बखतगढ़ मंडल में रामेश्वर पाटीदार बखतगढ़ (मंडी), बिडवाल मंडल में भगवानसिंह चावड़ा (सेमलिया), कानवन मंडल में सुभाष पाटीदार (मुंडला) तथा सादलपुर मंडल में सुरेंद्र जाट (माचकदा) को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार दिनेश व्यास (खरसौड़ा), पीथमपुर मंडल में सुखदेव यादव (मराठा), दिग्दान मंडल में भारत जाट (नाइबरोदा) तथा धार ग्रामीण मंडल में राम पटेल (जामन्दा) को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

चाकुबाजी की घटना करने वाले आरोपीयों को पुलिस द्वारा छोड़े जाने पर ग्रामीणों में छाया आक्रोष सड़क पर लगाया चक्काजाम



अमझेरा - अमझेरा थानांतर्गत केषवी चैकी के ग्राम आमला मे तीन दिन पूर्व एक षादी के आयोजन में पुराने झगड़े की बात को लेकर विवाद होने पर गोकुल पिता वीरसिंह चैहान को रवि परमार निवासी बड़लीपुरकला व समीर पिता मोहन राठौर निवासी सुलीबयड़ी उमरवन के द्वारा चाकु से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया जिसे इलाज के लिए अमझेरा के अस्पताल लाया गया यहाँ से उसे धार रेफर कर दिया गया । इधर ग्रामीणो के द्वारा दोनो के पकड़कर अमझेरा पुलिस के सुपुर्द कर दिया था लेकिन पुलिस द्वारा आरोपीयो को छोड़े देने पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में आक्रोषित ग्रामीणजन अमझेरा थाने पहुंचे और मांगोद-मनावर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया । इसके बाद थाना प्रभारी राजू मकवाना पहुंचे एवं ग्रामीणो से चर्चा कर आरोपीयों को षिघ्र गिरफ्तार करने के आष्वासन पर ग्रामीणो ने चक्काजाम समाप्त किया ।